Total No. of Printed Pages—6

की माला' बनाने के

**2016**

Priyanka Singh

# ADVANCE HINDI

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×9=9

...व शांति' कविता के कवि कौन हैं? रामधारी सिंह दिनकर

(ख) 'गांधारी का अभिशाप' शीर्षक कविता कहाँ से ली गई है? अन्धा युग

(ग) महादेवी वर्मा हिन्दी साहित्य के इतिहास के आधुनिक काल की किस काव्य-धारा (युग) की कवयित्री हैं? छाया

(घ) 'भास्कर वर्मण' नाटक के नाटककार कौन हैं? डॉ० हीरालाल तिवारी

(ङ) 'भास्कर वर्मण' किस प्रकार का नाटक है? ऐतिहासीक प्रकार का नाटक है

(च) श्युआन् च्युआङ् कौन है? चीनी धर्म यात्री

(छ) "विजय केवल लोहे की नहीं धर्म की रही धरा पर धूम"—प्रस्तुत पंक्ति कौन-सी कविता की है? भारत महिमा

(ज) 'रानी लक्ष्मीबाई' शीर्षक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं? वृन्दावन लाल वर्मा

(झ) 'रानी लक्ष्मीबाई' की कथा वर्तमान के किस प्रदेश से संबंधित है? उत्तरप्रदेश

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड—क**

(किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 2×6=12

(क) "सुना है दधीचि का वह त्याग"—यहाँ दधीचि के किस त्याग के बारे में कहा गया है?

(ख) "हमीं ने दिया शांति-संदेश सुखी होते देकर आनंद"—इसमें कौन-सी बात निहित है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'वर दो यह मेरा आँसू उसके उर की माला हो।' यहाँ 'उसके उर की माला' बनाने के लिए महादेवी वर्मा क्यों रोना चाहती हैं?

(घ) "अंधे मूढ़ विचारों की वह अचल शिला।" यहाँ 'अंधे मूढ़ विचारों' का क्या तात्पर्य है?

(ङ) "चकनाचूर करो जग को गूँजे ब्रह्मांड नाश के स्वर से।" यहाँ कवि ने क्या चकनाचूर करने का आह्वान किया है?

(च) गांधारी अपने को तपस्विनी क्यों कहती है?

(छ) भीम ने महाभारत-युद्ध में कौन-सा अधर्म किया था?

(ज) "मानवता की राह रोककर
पर्बत अड़े हुए हैं।"—यहाँ पर्बत का क्या अर्थ लगाया गया है?

(झ) "है जन्मना समान परस्पर
इसके सभी निवासी।"—इसका क्या आशय है?

## खण्ड—ख

(किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 2×4=8

(क) हंसवेग भास्कर वर्मण को शांति-दूत क्यों कहता है?

(ख) कंकु अपने को कालसर्पिणी क्यों कहती है?

(ग) भास्कर वर्मण को दूसरा कर्ण क्यों कहा गया है?

(घ) भास्कर वर्मण ने क्या प्रतिज्ञा की थी?

(ङ) "सर्प को दूध पिलाना उसके विष का उपचार नहीं है।" किस प्रसंग में यह संवाद कहा गया है?

(च) निधनपुर का उल्लेख 'भास्कर वर्मण' नाटक में क्यों किया गया है?

**खण्ड—ग**

(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 2×2=4

(क) लक्ष्मीबाई के बाल्यकाल का परिचय दीजिए।

(ख) कालपी की लड़ाई की हार का क्या कारण बताया गया है?

(ग) नत्थे खाँ के दूत ने क्या संदेश दिया था?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड—क**

(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 4×2=8

(क) मानव-शांति के बाधक तत्त्वों को रेखांकित कीजिए।

(ख) गांधारी ने क्यों कृष्ण को अभिशाप दिया था?

(ग) 'भारत-महिमा' कविता के आधार पर भारतवर्ष के लोगों की किन्हीं चार विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**खण्ड—ख**

(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 4×2=8

(क) "मेरे दोनों भाई तुम्हारे आभारी हैं"—राज्यश्री ने कंकु के सामने ऐसा क्यों कहा है?

(ख) "एकता की नींव पर ही हमारे राष्ट्र की भित्ति सुदृढ़ होगी।" 'भास्कर वर्मण' नाटक के भास्कर वर्मण के इस वक्तव्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) भास्कर ने क्यों कहा है कि राजा प्रजा की इच्छा का प्रतीक है?

**खण्ड—ग**

(किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।) 4×3=12

(क) महादेव के मंदिर से लौटने के पश्चात् आनेवाली झपकी में रानी ने स्वप्न में क्या देखा था, स्पष्ट कीजिए।

(ख) "मेरे शव को फिरंगी स्पर्श करेंगे।" इस कार्य से बचने के लिए रानी क्या करना चाहती है?

(ग) "हमको केवल कर्म करने का अधिकार है, कर्म के फल का नहीं।" गीता के इस वाक्य को रानी क्यों दोहराती है?

(घ) मनू की दासी सुंदर के साथ होनेवाले प्रथम साक्षात्कार को रेखांकित कीजिए।

(ङ) मंगल और शुक्रवार को रानी महालक्ष्मी मंदिर कैसे जाती थी?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कवि ने 'विप्लव गायन' कविता द्वारा विप्लव का आह्वान क्यों किया है? 6

**अथवा**

'गांधारी का अभिशाप' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) 'भास्कर वर्मण' के आधार पर भास्कर वर्मण की राष्ट्रीयता को स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

क्या कंकु को 'भास्कर वर्मण' नाटक की नायिका कहा जा सकता है? 'हाँ' अथवा 'ना' के पक्ष में तर्क दीजिए।

(ग) "लक्ष्मीबाई भारतीय नारी का आदर्श है।" पठित उपन्यास के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए। 6

**अथवा**

उपन्यास-कला की दृष्टि से 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के मुख्य उद्देश्य क्या हैं, स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की कथा को अपने शब्दों में लिखिए।

**5.** (क) रस को परिभाषित कीजिए। हास्य **अथवा** शृंगार रस का सोदाहरण परिचय दीजिए। 1+4=5

(ख) अलंकार को परिभाषित करते हुए श्लेष **अथवा** यमक अलंकार का परिचय दीजिए। 1+4=5

(ग) छन्द क्या है? दोहा **अथवा** रोला छन्द का सोदाहरण परिचय दीजिए। 1+4=5

★★★